पत्रसूचनाकार्यालय (रक्षाविंग)
भारतसरकार
****
'हरकामदेशकेनाम'

नई दिल्लीः श्रावण 20, 1944
बृहस्पतिवारः 11 अगस्त 2022

रक्षा राज्य मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

समारोह की तैयारियों में लगातार जुटे हुए एनसीसी कैडेट्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटे एनसीसी कैडेट्स को नई दिल्ली के लाल किले पर 11 अगस्त 2022 को संबोधित किया। देश भर के हर कोने से आए हुए ये कैडेट्स स्वतंत्रता दिवस समारोह को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए पूरी कर्तव्यनिष्ठा से तैयारियां कर रहे हैं। कैडेट्स को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि देश को आज़ाद करवाने के लिए जिन शूरवीरों ने हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान दिया, वे सदैव हमारे लिए प्रेरणादायी रहेंगे। हम देश के इस पावन पर्व पर उन्हें नम आंखों से याद करते हैं। 15 अगस्त का दिन हमारे शूरवीरों के त्याग के फलस्वरूप हासिल सुख, शांति और सद्भावना का परिचायक है।

उन्होंनेएनसीसी के कैडेट्स को भविष्य की तस्वीर करार दिया जो इस देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के सुदृढ़ सूत्र हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि आप में से ही कुछ कैडेट्स भविष्य में शीर्ष पदों पर आसीन होकर या किसी क्षेत्र में सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर देश का नाम विश्व पटल पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करवाएंगे।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि हर बार की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज

फहराएंगे और देश को अपनी ओजपूर्ण वाणी में संबोधित करेंगे। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संदेश के सार तत्व का पूरी सत्यनिष्ठा के साथ अपने जीवन में अमल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कैडेट्स का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि सभी कैडेट्स इस पावन पर्व के समारोह की तैयारियों में कई दिनों से निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। तेज धूप, बारिश और उमस के बावजूद उनके उत्साह व मनोबल की सराहना की और उन्हें प्रतीक चिन्हदेकर सम्मानित किया।

रक्षा राज्य मंत्री ने लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह से संबंधित तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारीगण व कर्मियों का उत्साहवर्धन भी किया।

एसआर/डीके/डीएस/एसके